अमर उजाला

## UP News: नकली दवाओं के खेल का खुलासा; यूपी के रास्ते नेपाल-बांग्लादेश तक होती सप्लाई; 40% तक बाजार में कब्जा



उत्तर प्रदेश में नकली दवाओं का संगठित नेटवर्क सक्रिय है, जो एक मंडी से दूसरी मंडी और वहां से छोटे शहरों व मेडिकल स्टोर तक दवाओं की आपूर्ति कर रहा है। राजस्थान, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश से निकलने वाली नामचीन कंपनियों की नकली दवाएं यूपी के रास्ते नेपाल और बांग्लादेश तक पहुंच रही हैं। इसका खुलासा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की जांच में हुआ है।

Source: https://www.amarujala.com/lucknow/counterfeit-drugs-are-being-transported-to-other-states-through-up-capturing-up-to-40-of-market-2026-07-21